# <u>ए. पी. जे. अब्दुल कलाम एक असाधारण व्यक्ति थे - कुलपति गिरीश्वर मिश्र</u>

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में श्रद्धांजली सभा का आयोजन

वर्धा, 28 जुलाई 2015: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के प्रशासनिक भवन में विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भारत रत्न डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम के असामयिक निधन पर भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित करने के लिए एक शोक सभा कार्यक्रम का आयोजन किया।



इस शोक सभा कार्यक्रम में उनकी आत्मा की शांति के लिए सभी ने दो मिनट का मौन रखा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम एक साधारण व्यक्ति थे लेकिन वे अपनी असाधारण प्रतिभा और कार्य से एक असाधारण व्यक्ति के रूप में हमेशा याद किए जाएंगे। उन्होंने ने कहा कि कलाम साहब एक ऐसे व्यक्ति विरले होते हैं जिनके कर्म-मर्म और विचार के बीएच कोई अन्तर नहीं था। कलाम साहब सब कुछ देश को समर्पित कर दिए थे। इस शोक सभा कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समस्त विभागों के अध्यक्ष, एसोसिएट प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएँ भी उपस्थित थे।